## संक्षिप्त

### रोशन लाल अध्यक्ष नियुक्त

**नारायणपुर, (निसं)।** दी नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुंभज की अनुशंषा पर नर्सिंग टयूटर एएनएम प्रशिक्षण केंद्र अलवर में पदस्थापित नारायणपुर कस्बा निवासी रोशन लाल सैनी को अलवर कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। रोशन लाल को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर नारायणपुर सैनी समाज के अध्यक्ष सुल्तान राम व सरपंच मन्नी देवी ने उनको शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। वही सैनी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कस्बे में ख़ुशी की लहर है। लोगों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को माला व साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया हैं।

### मालपुरा व ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि विधुत लाईनों में आवश्यक रखरखाव कार्यो के चलते बुधवार को मालपुरा शहर की 11 केवी मालपुरा सिटी फिडर ट्रक स्टेण्ड, मौहल्ला सादात, बस स्टेण्ड, टोडरोड, गांधी पार्क, ज्योति मार्केट, रैती मौहल्ला, नवीन मंडी, देशवाली मौहल्ला, सुभाष सर्किल, आजाद चौक, विनय टाकीज, सहित क्षेत्र में प्रात: 6 बजे से 11 बजे तक विधुत कटोती रहेगी। अभियंता ने बताया कि मोरला जीएसएस 11 केवी से जुडे आंटोली, कुहाडा, कालीहर्डिया, रिण्डलिया कल्याणपुरा, धानोता, दौराई, 11 केवी सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरूवार प्रात: 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक विधुत कटोती रहेगी।

## सहकारी समितियों के चुनाव संपन्न

**पावटा, (निसं)।** कडी सुरक्षा व्यवस्था में बुधवार को पावटा सहकारी समिति का चुनाव संपन्न हुआ। कई वार्डों में प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। बुधवार को सुबह दस बजे पावटा सहकारी समिति में निर्वाचन अधिकारी मुकेश स्वामी, सहायक व्यवस्थापक मुकेश सैनी की उपस्थिती में चुनाव प्रारंभ हुआ। गुरुवार सुबह 10 बजे मतगणना प्रारंभ होगी। इसके बाद प्रत्याशियों की हार-जीत की घोषिणा की जायेगी। पावटा सहकारी समिति चुनाव में वार्ड 1 से सुधीर सिंह, वार्ड 2 से विमला देवी, वार्ड 3 से पुष्पा देवी, वार्ड 4 से मामराज मीणा, वार्ड 6 से गिरिराज जाट, वार्ड 8 सोनाराम जाट, वार्ड 9 से नरपत सिंह, वार्ड 10 से बृजमोहन चौहान को निर्विरोध घोषित किया गया। वही वार्ड 5 से पांच प्रत्याशी जिनमें कमलेश चौहान, नीरज सैन, मोठूराम, राजेंद्र, हरिसिंह, वार्ड नंबर 7 से दो प्रत्याशी चेतन, विवेक, वार्ड नंबर 12 से 5 प्रत्याशी इंद्रा देवी, चौथमल, प्रमोद कुमार, महेश, राजेश मौके पर मौजूद रहे। पावटा चौकी प्रभारी दलीप मय जाप्ता सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

# हत्या के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

- गोवर्धनपुरा में शादी में आए युवक के साथ की थी मारपीट
- पीड़ित की इलाज के दौरान मौत हो गई थी

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** खाटूश्यामजी थाना अंतर्गत गोवर्धनपुरा में शादी में आए युवक का अपहरण कर मारपीट करने के बाद घायल ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। पुलिस ने हत्या के मामले में आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार दानाराम वर्मा की बेटी की शादी 7 सितंबर को बारात में रोशन लाल पुत्र मदनलाल सांसी निवासी निम्बेडा थाना जीण माताजी कार लेकर आया था। उसी दौरान कानाराम व अन्य छह सात युवकों ने रोशन लाल की कार की टक्कर मारकर अपहरण कर ले गए। रोशन लाल के साथ मारपीट कर हाईवे पर बधाला की ढाणी के पास पटक कर चले गए। स्थानीय लोगों ने घायल को पलसाना सीएचसी में भर्ती करवाया। हालत खराब होने पर जयपुर रेफर किया गया। अपेक्स अस्पताल में इलाज के दौरान रोशन लाल की 12 सितंबर को मौत हो गई। परिजन शव लेने से मना कर 3 दिन से जयपुरिया अस्पताल में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

वहीं पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप के निर्देशन में गठित डीएसटी टीम, रानोली पुलिस थाना, खाटूश्यामजी पुलिस थाना की संयुक्त कार्रवाई कर रींगस डीवाईएसपी कन्हैया लाल के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी कानाराम पुत्र मांगीलाल गुर्जर निवासी रेवासा, अजय बेनीवाल पुत्र राम चंद्र निवासी शेरपुरा, विक्रम सिंह पुत्र श्रवण जाट निवासी मांझीपुरा, हेमराज कटारिया पुत्र मुन्ना राम निवासी पलसाना, गोविंद राम मीणा पुत्र कन्हैया लाल मीणा व अशोक कुमार पुत्र राजूराम मीणा निवासी सांगरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जुर्म साबित होने पर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले को लेकर रींगस डीवाईएसपी कन्हैया लाल जांच कर रहे हैं। आरोपियों के पास से बोलेरो कार भी बरामद की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ अन्य थानों में भी अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## प्रधान ने विद्यार्थियों का सम्मान किया

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** बहरोड तहसील के निजी स्कूल तक्षिशला पब्लिक स्कूल द्वारा नीट व जेईई परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ नंबरों से सफलता प्राप्त छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहरोड पंचायत समिति की प्रधान सरोज बस्तीराम यादव पंचायत समिति बहरोड रही। सम्मान समारोह में सभी सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राओं को प्रधान सरोज यादव और सदस्य प्रदेश कांठोस कमेटी बस्तीराम यादव द्वारा माला-साफा, मोमेंटो एवं मिठाई खिलाकर छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई कर सम्मान व आशीर्वाद स्वरूप बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी के साथ ही तक्षशिला पब्लिक स्कूल बहरोड के विद्यालय परिवार व डायरेक्टर संजय यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान धर्मेंद्र यादव भामाशाह, बाबूलाल यादव, ललित शर्मा, हर्षित जैन लायंस क्लब सदस्य रोहिताश गुर्जर, कमल यादव विद्यालय के बच्चे तथा सैकडों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने से चूड़ी मार्केट पूरी तरह बदला

**अलवर, (निसं)।** सबसे संकरा बाजार कहलाने वाला अलवर का चूडी मार्केट नगर परिषद की कुछ घंटे की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद पूरी तरह बदल गया। पहले आमजन को पैदल निकलने की जगह नहीं मिलती थी। अब दो ट्रक निकलने जितनी जगह है। नगर परिषद ने मंगलवार को यहां अतिक्रमण हटाया था। उसके बाद सबको सहूलियत मिली है। पहले धक्के खाने पडते थे। इमरजेंसी में हादसे का डर भी रहता था। पहले दिन मंगलवार को नगर परिषद ने चूडी मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जिसका दुकानारों ने यह कहकर विरोध किया कि उनको पहले सूचना देनी चाहिए थी। हालांकि खुद नगर परिषद आयुक्त ने कहा कि दुकानदारों को एक बार नहीं कई बार सूचना दी जाती है। जब वे खुद नहीं हटाते तब अतिक्रमण निरोधक दस्ता भेजना पडता है। हमेशा चूडी मार्केट में आगजनी होने का डर रहता है। असल में यहां पर आग लगने के बाद अतिक्रमण के कारण जगह नहीं मिलती है। बडा नुकसान होने का डर रहता है। करीब दो साल पहले दिवाली के दिन चूडी मार्केट में बडी आगजनी हो गई थी। करीब एक दर्जन दुकानें जल गई थी। जिसमें करोडों रुपए का नुकसान हुआ था।

## दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**जयपुर, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने प्रेस नोट जारी कर आक्रोश व्यक्त किया है कि रुक्टा डेमोक्रेटिक कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय को भ्रष्टाचार और व्यभिचार का अड्डा नहीं बनने देगी। ताजा प्रकरण कॉलेज शिक्षा आयुक्त के निजी सचिव विशंभरदयाल शर्मा की नसरीन खान के खिलाफ शिकायत का है। रुक्टा डेमोक्रेटिक का मानना है कि कॉलेज शिक्षा आयुक्त के निजी सचिव द्वारा रंगरेली मनाने के इस शर्मनाक कृत्य में आयुक्तालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों के भी शामिल होने की प्रबल संभावना है।

## सीएम दौरे को लेकर मंत्री परसादी ने तैयारियों का जायजा लिया

- ओलंपिक खेलों का करेंगे अवलोकन

**लालसोट, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गुरुवार को लालसोट दौरे को लेकर बुधवार की शाम चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी सहित आला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री की तैयारी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरूवार को हेलीकॉप्टर से करीब दोपहर बाद डेढ बजे राजकीय पायलट महाविद्यालय स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा जिला कलेक्टर एवं आला प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री के आने को लेकर विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया गया। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर हेलीपैड पर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा एवं कलेक्टर द्वारा अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों को भी देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन द्वारा भी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से जुडे पहलुओं का बारीकी से जायजा लिया एवं अधीनस्थ पुलिसकर्मियों अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

## सार-समाचार

### छात्रा कुसुम मीणा सम्मानित

**निवाई, (निसं)।** हिन्दी दिवस पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राहोली की छात्रा कुसुम मीणा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि हिन्दी दिवस के अवसर पर भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली की छात्रा कुसुम मीणा को यह सम्मान भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान की उपनिदेशक (अनुवाद) रेणुका राठौड ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की सीनियर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2022 में हिन्दी में शत-प्रतिशत अंक लाने पर प्रदान किया है।

### आवारा पशुओं से ग्रामीण परेशान

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में आवारा घूमने वाले सांड और गायों से आमजन बेहद परेशान है लेकिन इन आवारा पशुओं को बंद करने के लिए प्रशासन किसी प्रकार का कोई कदम नहीं उठा पा रहा। कस्बे में भीडभाड वाले इलाके व मुख्य बाजार में आवारा पशुओं के घूमने से हर रोज दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राामीण सब्जी, फल सहित घरेलू सामान लेकर बस स्टैण्ड पर खडा हो जाता है तो आवारा सूअर व पशुओं का आतंक इतना ज्यादा है कि उस थैली को फाडकर खा जाते है। इतना ही नहीं कस्बे की आस-पास की ढाणियों में किसानों कि खडी फसलों को ये आवारा सुअर, पशु नष्ट कर कस्बे के किसानों को भारी नुकसान पंहुचा रहे है। ग्रामीणों ने पूर्व में भी आवारा पशुओं के द्वारा किये जा रहे नुकसान के बारे में ग्राम पंचायत को अवगत कराया था। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत व प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड कस्बे से दूर जंगल में छोडने की मांग की है।

### छात्र तुषार शर्मा का सम्मान

**कोटपूतली, (निसं)।** मानवस्थली सीनियर सैकंडरी स्कूल में इन्सपायर्ड अवार्ड प्राप्त छात्र तुषार शर्मा पुत्र सूर्यकांत शर्मा को सम्मानित किया गया। तुषार शर्मा ने इसी साल मानवस्थली स्कूल से विज्ञान वर्ग में 12 पास किया है। इन्सपायर्ड अवार्ड 12 विज्ञान वर्ग में 1 प्रतिशत टॉप बच्चों को दिया जाता है जिसमे छात्र को उच्च अध्ययन के लिये केंद्र सरकार से प्रतिवर्ष 80 हजार रुपये 5 वर्षो तक यानी कुल 4 लाख रुपये दिए जाते हैं। इस उपलब्धि पर तुषार को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलेश कुमार अग्रवाल सहित सभी स्टाफ के लोग मौजूद थे।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि 3 जुलाई 2022 को परिवादी ने पुलिस थाने में एक रिपोर्ट इस आशय की मैना की थी कि मेरी नाबालिग पुत्री 7 दिसंबर 2021 को शादी में गई थी वह 7:30 बजे के लगभग वापस शादी से आ रही थी तब मामराज पुत्र पप्पू राम सैनी निवासी ढाणी फिराशावाली हांसपुर ने जबरन पकड़कर रेलवे अंडरपास के पास सुनसान जगह में ले जाकर मेरी पुत्री के साथ जबरन बलात्कार किया व डरा धमका कर बलात्कार करता रहा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान के दौरान आरोपी मामराज को तलाश कर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।


कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

Email ID : lalsot.jaipur@yahoo.com, Ph.: 01431-260714

क्रमांक-न.पा.ला./2022/3478

दिनांक-14/09/2022

लालसोट पधारने पर राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गहलोत का हार्दिक अभिनन्दन

राजीव गाँधी ग्रामीण ऑलम्पिक खेलों को ब्लॉक स्तरी अवलोकन समारोह 15 सितम्बर 2022 समय 1:30 बजे स्थान श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट में आप सभी नागरिकगण सादर आमंत्रित है।



सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु वर्तमान में संचालित योजनायें

1. इन्दिरा रसोई योजना-नगर पालिका क्षैत्र में 01 इन्दिरा रसोई रैन बसेरा में संचालित है, इस योजना के तहत 8 रू. में भोजन कराया जाता है। आज तक इन्दिरा रसोई में लंच एवं डिनर हेतु कुल 176241 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है एवं पालिका क्षैत्र लालसोट में 02 नई इन्दिरा रसोई प्रस्तावित है।
2. इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना-इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत नगरपालिका लालसोट में कुल 57 कार्यों का चयन किया गया। जिसका अनुमानित लागत 02 करोड रूपये है तथा दिनांक 09.09.2022 को इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के शुभारंभ पर कुल 120 श्रमिकों की मस्टरोल जारी की गई जिसमें कैमला की खुदाई का कार्य व मेड बनाने का कार्य, 02 पावर हाउस के सामने शमशान की साफ-सफाई का कार्य, 03. पावर हाउस के सामने कब्रिस्तान की साफ-सफाई का कार्य। उपरोक्त कार्य में 07 मेट लगाये गये।
3. स्वच्छ भारत मिशन-नगर पालि क्षैत्र लालसोट स्वच्छ भारत मिशन के तहत क्षैत्र 3370 आवेदन प्राप्त कर 1769 आवेदन स्वीकृत कर 1769 शौचालय बनवाये गये है।
4. दीनदयाल अन्त्योदय योजना एन.न.यू.एल.एम.- एनयूएलएम योजना के तहत पालिका क्षैत्र में 20 लोगों की क्षमता वाला सुविधा युक्त रैन बसेरा संचालित है। स्व.रोजगार हेतु 9 लोगों का लक्ष्य प्राप्त कर 05 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। स्वयं सहायता समुह योजना के तहत 15 स्वयं सहायता समुह का लक्ष्य प्राप्त कर 13 स्वयं सहायता समुह गठन कर दिया गया है।
5. इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना-इंदिरा गोधी शहरी क्रेडिट कार्य योजना में लक्ष्य 1066 निर्धारित है इस योजना 1134 आवेदन प्राप्त कर 57 आवेदकों को लाभान्वित किया जा चुका है।
6. प्रशासन शहरों के संग अभियान-प्रशासनशहरों के संग अभियान के तहत 2 अक्टूबर 2021 से आज दिनांक तक कुल 2038 पट्टे जारी किये जा चुके हैं जिसमें कृषि भूमि नियमन के 1382 पट्टे, आबादी भूमि (69 क व स्टेट ग्रान्ट) के 656 पट्टे जारी किये जा चुके हैं एवं 285 पट्टा हस्तान्तरण, 61 निर्माण अनुमति, 12 उप विभाजन जारी किए जा चुके हैं।
7. अग्निशमन केन्द्र-नगर पालिकाक्षेत्र लालसोट में गंगापुर रोड एस.डी.एम. कोर्ट के पास अग्निशमन केन्द्र सुविधायुक्त संचालित है, नगर पालिका में दो दमकल वाहन उपलब्ध है जिनके द्वारा शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में सेवायें दी जा रही है।
8. एफ.एस.टी.पी. केन्द्र-नगर पालिका क्षेत्र चांदसेन में 4 केएलडी का एफ.एस.टी.पी. प्लान्ट संचालित है।
9. एम.आर.एफ.-नगर पालिका क्षेत्र चांदसेन में सुखा कचरा निस्तारण हेतु एमआरएफ सेन्टर संचालित है।
10. निकाय क्षेत्र में 25 किलोमीटर लम्बाई सडकों की सौगात आवागमन हुआ सुविधाजनक।

नगर पालिका क्षेत्र में उपखंड मुख्यालय पर जिला स्तर का अस्पताल, मदर चाइल्ड केयर सेंटर, नर्सिंग कॉलेज, 3 अग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं जल संरक्षण के लिए एनिकेट की नगर पालिका क्षेत्र को मिली सौगात।

11. शहरी निकाय क्षेत्र के लिए लाभकारी जनकल्याणी योजना लागू करने के लिए एवं लालसोट पधारने पर राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गहलोत को कोटिशःआभार।
12. निवेदक नगर पालिका मंडल लालसोट एवं समस्त पार्षदगण।

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री
राजस्थान सरकार

सीमा चौधरी
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, लालसोट




परसादी लाल मीणा
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं आबकारी मंत्री



डॉ. कौशल्या मीणा
प्रधान



कैलाश दुशाद
उप प्रधान



नाथू लाल मीणा
प्रधान



रक्षा मिश्रा
नगर पालिका चेयरमैन



सूरज कटारा
उप प्रधान



संतोष स्वामी
वाईस चेयरमैन